सं. P.15025/60/2021-FR(Part-2)
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
(खाद्य विनियम अनुभाग)

कर्तव्य भवन 1, नई दिल्ली
दिनांक: फ़रवरी,2026

रिक्ति परिपत्र

विषय: अध्यक्ष, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की नियुक्ति के संबंध में।

इस विषय पर रोज़गार समाचार में दिनांक 17.08.2024 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या CBC 17102/11/0008/2425 के पूर्व विज्ञापन को निरस्त करते हुए, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) में अध्यक्ष के पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। एफएसएसएआई की स्थापना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत खाद्य पदार्थों के लिए विज्ञान आधारित मानक निर्धारित करने और उनके विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को विनियमित करने; मानव उपभोग हेतु सुरक्षित और पौष्टिक खाद्य की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए की गई थी। एफएसएसएआई के अध्यक्ष को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और विनियमों के तहत निर्धारित कर्तव्य और कार्य करने होंगे तथा उनमें निर्दिष्ट शक्तियों का प्रयोग करना होगा। एफएसएसएआई का मुख्यालय दिल्ली में है।

"कृपया ध्यान दें: खाद्य सुरक्षा एवं मानक के क्षेत्र में आवश्यक अनुभव रखने वाले विशेषज्ञों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"

वेतनमान:

- 2,25,000/-रू. प्रतिमाह (नियत) तथा कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार भत्ते ।

पात्रता

- अध्यक्ष, एफएसएसएआई के पद के लिए चयन हेतु आवेदक खाद्य विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्ति होंगे अथवा प्रशासन से संबद्ध ऐसे व्यक्ति होंगे जो इस विषय से जुड़े हों और ऐसे व्यक्ति जो इस समय कम से कम सचिव, भारत सरकार के रैंक के पद पर हों अथवा इस पद पर रहें हों।

- केंद्रीय/राज्य नियामक निकायों से संबंधित प्रासंगिक कार्य अनुभव इस पद के लिए वांछनीय योग्यता होगी।

आयु-सीमा और कार्य-काल:

• अध्यक्ष का कार्य-काल उसके द्वारा कार्य-भार ग्रहण करने की तारीख से 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए होगा तथा वह आगे 3 (तीन) वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हों, के लिए पुन: नियुक्ति का पात्र होगा।

<u>सेवा के अन्य निबंधन एवं शर्तें:</u>

-

• सेवा के अन्य निबंधन एवं शर्तें समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित किए गए अनुसार होंगी।

आवेदन पद्धति

• उन भारतीय नागरिकों से नीचे दिए गए प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ,जो पात्रता के मापदंड को पूरा करते हैं।

• प्रपत्र वेबसाइट www.mohfw.gov.in या dopt.gov.in या fssai.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

• पूर्ण रूप से भरा हुआ प्रपत्र रजिस्टर्ड डाक /स्पीड पोस्ट द्वारा निम्नलिखित पते पर पहुँच जाना चाहिए:

श्री किरण कुमार कर्लापु
निदेशक (खाद्य विनियम),
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (कमरा संख्या 11010),
कर्तव्य भवन-1, नई दिल्ली-110001.

• आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि, रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन होगी।

• अपूर्ण आवेदन और अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

• भारत सरकार को किसी भी ऐसे व्यक्ति की अभ्यर्थिता पर विचार करने का विवेकाधिकार होगा जिसने समाचार पत्र के विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन नहीं किया है।

• सरकार को अध्यक्ष पद के लिए प्राप्त किसी/ या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का भी अधिकार है|

• पद के लिए निर्धारित योग्यता, आयु, अनुभव आदि के अनुसार पात्रता निर्धारित करने की प्रभावी तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी|

• किसी भी प्रकार की सिफारिश करने से अभ्यर्थिता को अयोग्य माना जाएगा।

(किरण कुमार कर्लापु)

निदेशक (खाद्य विनियम)

<u>प्रपत्र</u>

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) में अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति

1	नाम (साफ अक्षरों मे)		फोटो पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो यहाँ चिपकाएं
2	जन्म तिथि (ईस्वी सन् में)		
3	पताः (आवास/कार्यालय)	आवास	
		कार्यालय	
4	दूरभाष (निवास/ कार्यालय/ मोबाइल)	आवास	
		कार्यालय	
		मोबाइल	
5	फैक्स सं. /ई--मेल आईडी:		
6	शैक्षणिक अर्हताएं		
7	व्यावसायिक अर्हताएं		
8	क्या भारत सरकार के सचिव पद पर कार्यरत हैं/ थे |		
9	क्या सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं.		
10	7वें वेतन मैट्रिक्स के अनुसार कार्यरत स्तर		
11	क्या सेवा अवधि के दौरान खाद्य विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े हैं		
12	खाद्य सुरक्षा/ मानकों /गुणवत्ता नियंत्रण में व्यावसायिक / अनुसंधान अनुभव, यदि कोई हो		
13	पुरस्कार/ अन्य राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त, यदि कोई हो, का विवरण		
14	अन्य मुख्य उपलब्धियाँ		

15	व्यावसायिक निकायों/ संघों की सदस्यता	
16	राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने का विवरण	
17	अन्य कोई सूचना	

घोषणा

मैं सत्यनिष्ठापूर्वक घोषित करता हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरे श्रेष्ठ ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं मानता हूँ और सहमत हूँ कि चयन/साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी समय कोई सूचना असत्य या /गलतया अपूर्ण पाए जाने पर या मेरी अपात्रता का पता चलने पर मेरी अभ्यर्थिता अस्वीकर की जा सकती है।

आवेदक के हस्ताक्षर

नामः

स्थानः
दिनांकः

*****